अधिकारियों के साथ प्रीतम ने की बैठक, दिए कड़े निर्देश

'किसानों की आय हो मजबूत'

देहरादून। सूबे के शहरी विकास, पशुपालन, मत्स्य पालन मंत्री प्रीतम सिंह पंवार ने कृषि योजना से जुड़े अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के किसानों के लिए ऐसी योजनाओं का निर्माण करें जो एक ही जगह पर अवस्थापित हों जिससे किसानों का समय बचत होते हुए आय भी मजबूत हो सकें।

उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़, ब्रहमखाल एवं बड़कोट हेतु राष्ट्रीय कृषि योजना के अंतर्गत प्रोजेक्ट के सम्बंध में विधानसभा स्थित सभागार में आहूत बैठक में श्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नौगॉव में सेब उत्पादन की अच्छी बैल्ट है इसे और अधिक विकसित करने के

□के.वी.के. सेन्टर में दुग्ध प्लांट लगाने के आदेश

साथ प्रोत्साहित किया जए। उन्होंने चिन्यालीसौड़ में दुग्ध उत्पादन को बढावा देने के उद्देश्य से के.वी.के. सेन्टर में दुग्ध प्लांट लगाने के निर्देश दिये जिससे क्षेत्र के उद्यमियों को पूर्ण सुविधा प्राप्त हो एवं उनका उत्पाद यातायात के अभाव में खराब न हो इसके लिए चिन्यालीसौड़ में दुग्ध प्लाट लगाने के निर्देश भी दिये। बैठक में पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चिन्यालीसौड़ और बडकोट में मोबाइल बैटनरी वैन क्रय करने का प्रस्ताव है। जिनके लिए प्रथम

काबीना मंत्री प्रीतम पंवार अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

वर्ष 13 लाख 47 हजार का बजट की आवश्यकता होगी। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों ने मंत्री जी को अवगत कराया कि कृषि में वैज्ञानिक तकनीकों को ईजाद करने के लिए क्षेत्र के कृषकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे क्षेत्र की मण्डुआ की फसल एवं पहाड़ी दालों की फसल को और अत्यधिक प्रभावी ढंग से पैदावार की जा सके। बैठक में सचिव मत्स्य पी.एस.जंगपांगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यमुना किनारे एवं उसके लगे हुए क्षेत्र में मत्स्य पालन करवाएं एवं इस क्षेत्र से जुड़े किसानों को ज्ञानवर्धन करवाते हुए उनके लिये अवस्थापना सुविधाएं प्रदान करें जिससे किसान लाभान्वित हो सके। बैठक में प्रमुख सचिव पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, डेयरी डा0 रणबीर सिंह, सचिव मत्स्य पी.एस.जंगपांगी, संयुक्त सचिव कृषि व उद्यान देवेन्द्र पालीवाल, निदेशक रेशम एस.एस.शर्मा, संयुक्त निदेशक मत्स्य डा.एस.आर. चन्याल, निदेशक पशुपालन डा. कमल महेरोत्रा, अपर निदेशक पशुपालन डा. एस.एस. विष्ट सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

विभागीय कार्यों का निरीक्षण करें अधिकारी : सीएस

देहरादून। मुख्य सचिव सुभाष कुमार ने अपर मुख्य सचिव, सभी प्रमुख सचिव, सचिव, प्रभारी सचिवों को निर्देश दिए कि इस वर्ष भी वे जनपदों का भ्रमण कर विभागीय कार्यों का निरीक्षण और सत्यापन करें। जिस जनपद का उन्हें प्रभारी बनाया गया है, उस जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक करें। यदि किसी जनपद में उनके विभाग से सम्बंधित कोई कठिनाई है, तो मुख्यालय आकर उसका समाधान करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि गत वर्ष जिन अधिकारियों ने अपने जनपद भ्रमण की रिपोर्ट दी हैं, उनमें कुछ का कार्य बहुत अच्छा है। परंतु कुछ प्रमुख सचिवों द्वारा कम भ्रमण या कम निरीक्षण किया गया है। वर्ष 2013–14 की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि अंकन में इसका संज्ञान लिया जा रहा है।

समाचार सार

महिला का पर्स उड़ा ले गया चोर

देहरादून। संवाददाता

मसूरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत वाहन में रखा महिला का पर्स चोरी कर लिया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाशी की जा रहीं है। बता दे कि मसूरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने लाइब्रेरी स्थित सब्जी की दुकान पर रंजीता कौर चुग पत्नी एचएस चुग निवासी क्लेरीज होटल बार्लोगंज सब्जी की दुकान पर आई थी। उन्होंने इस दौरान अपनी कार बाहर ही खड़ी की थी। लेकिन जब वो वापस लौटी तो कार से उनका पर्स गायब था। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसके पर्स में दस हजार रूपयें नकद, आईसीआईसी बैंक का एटीएम कार्ड व दो डायरी समेत पर्स चोरी हुआ है जिसमें ये सभी सामान रखा हुआ था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रहीं है।

यूनिनॉर ग्राहक ने जीता आइफोन

देहरादून। भारत के सबसे तेजी से विकास कर रहे दूरसंचार सेवा प्रदाता यूनिनॉर ने आज यहां अपने निश्ठावान ग्राहक नवीन नौटियाल को पुरस्कारस्वरूप एक नया आइफोन प्रदान करने के लिए उनके सम्मान में समारोह आयोजित किया। उन्हें यूनिनॉर द्वारा 19 जून से 18 जुलाई, 2014 के दौरान 'फ्री आइफोन ऑफर' के तहत् सर्वाधिक मूल्य का रीचार्ज कराने पर पुरस्कृत किया गया है। इस ऑफर का उद्देश्य उन नए ग्राहकों तक पहुंच बनाना था जो इंटरनेट का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करते और उन्हें अपने मोबाइल फोन को ऑनलाइन रीचार्ज कराने के आसान विकल्प का इस्तेमाल करने पर उनके प्रयोग के आधार पर पुरस्कृत किया गया।

महिला कांग्रेस का सम्मेलन 20 को दिल्ली में

देहरादून। आगामी 20 अगस्त को दिल्ली में होने वाले सम्मेलन को लेकर महिला कांग्रेस की ओर से आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गयी है। सम्मेलन के माध्यम से पार्टी हाईकमान द्वारा महिला नेत्रियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये जाएंगे। कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष कमलेश रमन ने बताया कि आगामी 20 अगस्त को महिला कांग्रेस का सम्मेलन आहूत किया गया है, जिसमें देश के अन्य हिस्सों के साथ ही प्रदेश से भी महिला कांग्रेस नेत्रियां, जिनमें पदाधिकारी व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी महिलाएं शामिल है, अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करेंगी। इस सम्मेलन में कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल गांधी सहित पार्टी के अन्य आला नेता महिला नेत्रियों को दिशा–निर्देश देंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में उत्तराखंड से अधिकाधिक महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कवायद शुरू कर दी गयी है। उधर सम्मेलन को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

संविदा शिक्षकों के स्वास्थ्य में आने लगी गिरावट

देहरादून। उत्तराखण्ड पॉलीटैक्निक संविदा शिक्षको का धरना सोमवार को 13वें दिन व आमरण अनशन सातवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान अनशन पर बैठे संविदा शिक्षकों के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आती जा रही है। परेड ग्राउण्ड स्थित धरना स्थल पर अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे पॉलीटेक्निक संविदा शिक्षको का धरना सोमवार को 13वें दिन भी जारी रहा। सोसाइटी के अध्यक्ष सर्वेश चौधरी सरकार उनकी मांगों के प्रति उदासिन बनी हुई है। उनके आंदोलन को इतने दिन बीत जाने के बाद भी सरकार या उनके किसी प्रतिनिधि की ओर से कोई अपेक्षित आश्वासन तक नही मिला। उनका कहना था कि दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा संविदा शिक्षको के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के नाम पर पूरे आठ घंटे तक बीजापुर गेस्ट हाउस में बिठायें रखा। इसके बाद भी शिक्षको की मांगों पर केवल आश्वासन ही दिया है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा इस प्रकार के आश्वासन पहले भी दिये गये है जब तक सरकार लिखित में मांगों की पूर्ति का आश्वासन नही देती है। प्रदर्शनकारियों में खगेन्द्र अवस्थी, नरेन्द्र पाठक, आशीष सेमवाल, महेशपाल, पूरन सिंह स्वाति, निधि दिव्या सिमरन, कविता,मुनीर, अरूण कुमार,कविता भण्डारी, जयवीर, सुमित कुमार, अंजलि समेत अन्य संविदा शिक्षक मौजूद रहे।

सावन के आखिरी सोमवार पर शिवालयों में जमकर हुआ जलाभिषेक

देहरादून। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को द्रोणनगरी के शिवालय हर–हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। सावन के आखिरी सोमवार को भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए तड़के से ही तमाम शिवालयों में शिवभक्तों की लम्बी–लम्बी कतारें लगी हुई थी। जलाभिषेक के बाद मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। प्रातःकाल से ही मंदिरों में बम–बम भोले के जयकारे गूंजने लगे थे, भगवान शिव की पूजा के लिये जलाभिषेक

□शिवभक्तों की लगी लम्बी–लम्बी कतारें

का विशेष महत्व है। शहर में विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया गया है। टपकेश्वर महादेव के जलाभिषेक के लिए जहां श्रद्धालु लाईन में खड़े हो कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, इस दौरान शिवभक्तों ने दूध, घी, दही, गंगाजल व गन्ने के रस से अभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा, सफेद व फूलों से भगवान भोलेनाथ की पूजा की। गढ़ी डाकरा स्थित प्राचीन स्वयं भू लिंग श्री नागेश्वर महादेव मन्दिर में श्रावण मास के आखिरी सोमवार को जलाभिषेक कर अपनी–अपनी मनोकामनाओं के लिए प्रार्थना की।सावन के अंतिम सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा जलाभिषेक करने के साथ ही श्रावण मास का समापन भी हो गया हांलाकि जो लोग संक्रांति से सावन की शुरूआत मानकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर रहे हैं।

नारेबाजी के बीच धरना देते पेरामेडिकल संविदा कर्मचारी।

परिवार सहित धरना देगें संविदा कर्मचारी

देहरादून। 15–20 वर्षो से कार्य कर रहे ओएनजीसी पैरामेडिकल संविदा कर्मचारियों को बिना पूर्व सूचना के हटाने के विरोध में भारतीय मजदूर संघ के बैनरतले आंदोलनरत संविदा पैरामेडिकल कर्मचारियों का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा।

ओएनजीसी चिकित्सालय के गेट के बाहर धरने पर बैठे 41 पैरामेडिकल संविदा कर्मचारियों में सरकार की ओर से हो रही अनेदेखी को लेकर खासा रोष है। पैरामेडिकल कर्मचारियों का कहना था कि उनकी सेवाओं को यथावत रखे जाने की मांग को लेकर वे आंदोलन कर रहे

□सरकार की ओर से हो रही अनेदेखी

हैं लेकिन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारियों ने मीडिया के माध्यम से अधिकारियों को अपनी आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन देने का निर्णय लिया है।

उनका कहना है कि यादि इसके बाद भी प्रबंधन तंत्र की ओर से कोई कार्यवाही नही की गई तो सभी संविदा कर्मचारी अपने परिवार सहित धरने पर बैठ जायेगे। और उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन तंत्र की होगी।

मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों की हड़ताल से विभागों में कामकाज रहा ठप्प

देहरादून। संशोधित स्टाफिंग पैटर्न को लागू किये जाने के विरोध में कलैक्ट्रेट सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को भी जारी रही। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए कलैक्ट्रेट में धरना दिया। उत्तराखंड मिनिस्ट्रीयल कलैक्ट्रेट कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हडताल के दूसरे दिन भी विभिन्न विभागों के मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने कलैक्ट्रेट परिसर में धरना दिया।

उनका कहना था कि जिला प्रशासन को किसी भी प्रकार के संशोधित स्टाफिंग पैटर्न को लागू करने का अधिकार नहीं है, यह व्यवस्था पूर्व में लागू है, लेकिन जिलाधिकारी अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप कर रहे है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि दोहरी उपस्थिति पंजिका को लागू न किया जाये क्योंकि सरकारी कर्मचारियों को ही सेवा नियमावली में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं दी गई है इस दोहरी उपस्थिति का विरोध करने का निर्णय लिया गया है। उनका कहना है कि लघु अवकाश, चिकित्सा अवकाश, एवं आकस्मिक अवकाश को पूर्व में स्वीकृत कराने की व्यवस्था नहीं हे जिस कारण उक्त अवकाश को पूर्व में स्वीकृत कराये जाने

अपनी मांगो के समर्थन में धरना–प्रदर्शन करते मिनिस्ट्रीयल कर्मी।

□मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने कलैक्ट्रेट परिसर में दिया धरना

का आदेश भी वापस लिये जाने की आवश्यकता है। उनका कहना है कि जो संशोधित स्टाफिंग पैटर्न लागू किये जाने के आदेश पारित किये गये है उनका कोई औचित्य नहीं है क्योंकि पूर्व में स्टाफिंग पैटर्न मुख्य राजस्व आयुक्त द्वारा स्वीकृत किया गया है जिसे संशोधित करने का अधिकार जिलाधिकारी को नहीं है और संशोधित स्टाफिंग पैटर्न आदेशों का व्यापक स्तर पर विरोध किया जायेगा कि इसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए अन्यथा आंदोलन को जारी रखा जायेगा। मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से कलैक्ट्रेट, बंदोबस्ती, तहसील, आरटीओ, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में कामकाज ठप्प रहा है और लोगों के प्रमाण पत्र तक नहीं बने। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, सचिव देवेन्द्र सुंदरियाल, राजेन्द्र सिंह रावत, अजय गोयल, आशीष वर्मा, अजय सिंह, रविन्द्र कुमार, ऋषिपाल सिंह, सुशील बडोनी, बालक राम, साधना सक्सेना, बाला पुंडीर, रागिनी फरासी, राजेन्द्र कुमार मौजूद थे।

संग्रह अमीनों की हड़ताल जारी

देहरादून। पदोन्नति सहित अनेक मांगों को लेकर उत्तराखंड राजस्व संग्रह अमीन संघ की अनिश्चितकालीन हडताल सोमवार को भी जारी रही। संग्रह अमीनों ने प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जोरदार नारेबाजी की।

उत्तराखंड राजस्व संग्रह अमीन संघ के बैनर तले संग्रह अमीनों की अनिश्चितकालीन हडताल सोमवार को परेड ग्राउंड स्थित धरना स्थल पर जारी रही। इस दौरान उन्होने कहा कि नायब तहसीलदार सेवा नियमावली में

□आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

संग्रह अमीन संवर्ग का पदोन्नति कोटा पूर्व की भांति बहाल किये जाने की आवश्यकता है और इस व्यवस्था को 2009 में समाप्त कर दिया और पांच वर्ष व्यतीत होने के बाद भी अमीन संवर्ग की पदोन्नति की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे रोष है। उन्होने कहा कि दिसम्बर 13 में मंत्रीमंडल ने संग्रह अमीन संवर्ग की पदोन्नति की व्यवस्था पुनः नायब तहसीलदार पदों पर छह प्रतिशत की दर से किये जाने का संशोधन प्रस्ताव पारित किया गया परन्तु अभी तक इसका शासनादेश नहीं हो पाया है, संग्रह अमीन संवर्ग से पदानवत किये गये नायब तहसीलदार के पुनः तदर्थ रूप से नायब तहसीलदार पदों पर बहाल किया जाना उचित है, वेतनमान बढाये जाने के लिए अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अमीन संवर्ग का वेतनमान पूर्व से ही राजस्व विभाग के अन्य संवर्ग लेखपाल, पटवारी, मिनिस्ट्रीयल संवर्ग से अधिक रहा है।

यूएसएफ लड़ेगा छात्र हितों की लड़ाईः उपाध्याय

देहरादून। उत्तराखण्ड कान्ति दल ने सगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड स्टूडेंट फैडरेशन का गठन किया है। जो कि छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर काम करेगा और छात्र संघ चुनाव लड़ेगा।

सोमवार को दल के केंद्रिय कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लिये गए निर्णयों की जानकारी देतें हुए केंद्रीय महामंत्री जयप्रकाश उपाध्याय ने पत्रकारों को बताया कि राज्य हित में काम करने के लिये सगठन की सभी इकाइयों को मजबूत किया जाना आवश्यक है। जिसमें सबसे अहम है छात्र ईकाई। इस पर कार्य करने के लिये रणनीति तैयार की गई है।

□छात्रों की समस्याओं को लेकर करेगा काम

जिसके तहत यह निर्णय लिया गया है कि शांतिप्रिय माहौल में शैक्षणिक कार्य समस्त विधालयों में लागू कराने के लिये कार्य किया जायेगा जिसके लिये सगठन वचनबद्ध है।

उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार को चाहिए था कि वह राज्य में शिक्षा का हब बनाने जैसी नीतियों पर कार्य करता लेकिन प्रदेश सरकार इस पर सकारात्मक रूप से कार्य नही कर पायी है। बैठक में तय किया गया कि प्रदेश में यूएसएफ को मजबूत तो किया ही जायेगा साथ ही आने वाले छात्र संघ चुनाव में पूर्ण भागीदारी के साथ

पत्रकारो से वार्ता करते यूएसएफ के पदाधिकारी।

उतरा जायेगा।बैठक में यूएसएफ में रजत कुमार को प्रभारी,अनिल बलूनी को सह प्रभारी और सौरव कुमार को अध्यक्ष बनाया गया।इस अवसर पर गौरव उनियाल भी उपस्थित थें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा पेज थ्री प्रेस,जाखन जोहड़ी रोड,
पो.ओ. राजपुर, देहरादून से मुद्रित व प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।